कार्यक्रम

बेलखाडू, नूनसर, झगरा और करारी में हुए विविध आयोजन

गांव-गांव गूंजा एकता का संदेश, मनाई सरदार पटेल की जयंती

करारी में माल्यार्पण करते मुख्यातिथि एवं ग्रामवासी

ग्राम झगरा में मौजूद स्थानीयजनों द्वारा कार्यक्रम किया गया

नवभारत, बेलखाडू (जबलपुर)। बेलखाडू क्षेत्र में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। नूनसर, झगरा, करारी सहित आसपास के गांवों में सुबह से ही कार्यक्रमों का दौर शुरू हो गया। लोगों ने पटेल की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ ली। झगरा में ग्रामीणों द्वारा सुबह पहुंच कर पटेल की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। जिसमें बड़ी संख्या में युवा, छात्र और समाजसेवी शामिल हुए। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि सरदार पटेल ने देश को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया, उनका जीवन आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणा स्रोत है।स्कूलों में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को सरदार पटेल के जीवन और योगदान की जानकारी दी गई। झगरा और करारी गांवों में भी माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में सतू सत्य नारायण पटेल, घनश्याम पटेल,सुनील पटेल , सतीश पटेल, अभिषेक पटेल,कैलाश पटेल ,रवि पटेल, विजय पटेल ,भीम पटेल, सहदेव पटेल, अर्जुन पटेल ,नीलेश पटेल सतीश पटेल, नन्हे राम पटेल, आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

सरदार पटेल की जयंती पर शपथ

सिहोरा , नवभारत। शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आज सरदार पटेल की 150 की जयंती के उपलक्ष में राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई । उसके पश्चात एक स्टैचू ऑफ यूनिटी का वीडियो शो विद्यार्थियों को दिखाया गया एवं उसके उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डाला गया। इतिहास विभाग की शिक्षिका कुमारी अंशिका रावत द्वारा सरदार पटेल के जीवन एवं दर्शन पर विस्तृत व्याख्यान दिया गया ।सरदार पटेल के द्वारा किए गए कार्यों पर विस्तृत रूप से विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की गई इस अवसर पर इतिहास विभाग अध्यक्ष डॉ. एस. के. मेहरोलिया एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता की ।

मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में मनाया राष्ट्रीय एकता दिवस

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मनदीप शर्मा के निर्देशन में मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अधिष्ठाता डॉ. एस. के. महाजन ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरदार पटेल की जयंती हमें एकता और राष्ट्रभक्ति का संदेश देती है तथा विविधता में एकता हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। इस अवसर पर विद्यार्थियों राशि रजक, शिविका और निलांचल ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में डॉ. माधुरी शर्मा, डॉ. सोना दुबे, डॉ. प्रीती मिश्रा सहित प्राध्यापकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

युवा गायक तनिष्क को इंडियन आइडल में मिला गोल्डन टिकट

नवभारत, पनागर। सोनी टीवी के लोकप्रिय सिंगिंग रियलिटी शो इंडियन आइडल में 25 अक्टूबर को जबलपुर के युवा गायक तनिष्क शुक्ला को गोल्डन टिकट मिल चुका है और वे थिएटर राउंड में पहुंच चुके हैं। थिएटर राउंड का प्रोमो जारी हो चुका है और उसमें तनिष्क मोहम्मद रफी साहब का मशहूर गीत तुम जो मिल गए हो तो ये लगता है कि जहां मिल गया गाते हुए दिखाई दे रहे हैं। उक्त थिएटर राउंड का प्रसारण 1 और 2 नवंबर को सोनी टीवी और सोनी लिव पर प्रसारित होगा। तनिष्क को 25 अक्टूबर के गीत पर जबलपुर शहर सहित पूरे मध्य प्रदेश का अच्छा आशीर्वाद प्राप्त हुआ है और और सोनी टेलीविजन एंटरटेनमेंट के ऑफिशियल अकाउंट पर 84 लाख से अधिक व्यूज और 253000 लाइक के साथ वे सभी अन्य प्रतिभागियों से आगे चल रहे हैं।

कांग्रेसियों ने दी इंदिरा गांधी को श्रद्धांजलि

नवभारत,जबलपुर। देश की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि और सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर शहर में कांग्रेस जनों द्वारा माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश के विकास के लिए 20 सूत्री कार्यक्रम के माध्यम से मजबूत नींव रखी, जिससे भारत लगातार प्रगति कर रहा है। साथ ही, उन्होंने पूर्व गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल को याद करते हुए उनके योगदान को याद किया और कहा कि उनके दिखाए मार्ग पर चलकर हम देश के विकास में योगदान देते रहेंगे। इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा, टीकाराम कोष्टा, सतीश तिवारी, झल्ले लाल जैन, रामदास यादव, विवेक अवस्थी, श्रीमती कमलेश यादव, अनुभा शर्मा, बलविंदर सिंह, अलीम मंसूरी, मदन लारिया, अतुल जोसेफ, जितेंद्र यादव, रम्बल विश्वकर्मा, अशोक यादव, अनिल गुप्ता, सुशीला कनौजिया, चमन पासी, विष्णु विनोदिया, और अवधेश गुप्ता उपस्थित रहे।

मतदाताओं को भरना होगा गणना पत्र, नहीं लगेंगे कोई कागज

- निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण 4 से

जबलपुर। निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 4 नवंबर से शुरू हो रहा है, जो कि पूरे एक माह 4 दिसंबर तक चलेगा। उक्त जानकारी पत्रकारों से चर्चा करते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राघवेंद्र सिंह ने दी। कलेक्टर ने बताया कि इस एक महीने बीएलओ सभी मतदाताओं के घर-घर जाकर दस्तक देंगे, जहां उन्हें एक गणना पत्र दिया जाएगा, उस गणना पत्र को भरकर मतदाताओं को वापस करना होगा। कलेक्टर ने यह भी जानकारी दी कि इस गणना पत्र में बेसिक जानकारी ही भरी जाएगी, इसके लिए किसी भी मतदाताओं से कोई भी कागज नहीं मांगे जाएंगे। इस गणना पत्र भरने के बाद उसे वापस लेने के लिए 3 बार बीएलओ मतदाताओं के घर पहुंचेंगे।

इसके अलावा जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देश पर जिले के सभी बीएलओ का विधानसभावार प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने जेएनकेव्हीव्ही और मानस भवन पहुंचकर विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में बीएलओ को आवश्यक जानकारी प्रदान किया।

अधिकारियों-कर्मचारियों को नहीं मिलेगा अवकाश

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने आदेश जारी कर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के कार्य में संलग्न अधिकारियों-कर्मचारियों के सभी प्रकार के अवकाश पर प्रतिबंध लगा दिया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है बिना अनुमति के कोई भी अधिकारी-कर्मचारी न तो अवकाश पर जा सकेगा और न मुख्यालय छोड़ सकेगा। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

मझौली ब्लॉक ऑफिसर ने जारी किया सख्त आदेश

मझौली, जबलपुर। नवभारत समाचार पत्र में प्रकाशित खबर सीएचसी मझौली में गर्भवती महिलाओं को प्रायवेट लैब व सोनोग्राफी सेंटर भेजा जा रहा है का असर अब साफ तौर पर दिखाई देने लगा है। खबर प्रकाशित होने के कुछ ही घंटों बाद मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मझौली ने तत्काल संज्ञान लेते हुए सख्त निर्देश जारी किए हैं।

जारी आदेश में सभी स्त्री रोग विशेषज्ञों, मेडिकल ऑफिसरों, नर्सिंग ऑफिसरों, ब्लॉक कम्युनिटी मोबिलाइजर, आशा सुपरवाइजरों तथा आशा कार्यकर्ताओं को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि सभी प्रकार की एएनसी जांच, पैथोलॉजी जांच एवं सोनोग्राफी जांच केवल शासकीय अस्पतालों अथवा शासकीय अस्पताल से अनुबंधित सोनोग्राफी सेंटरों में ही कराई जाए। किसी भी परिस्थिति में गर्भवती महिलाओं को प्रायवेट लैब या प्रायवेट सोनोग्राफी सेंटर भेजना पूर्णतः प्रतिबंधित है। सीएचसी मझौली द्वारा जारी इस आदेश में यह भी कहा गया है कि यदि किसी आशा कार्यकर्ता या स्वास्थ्यकर्मी द्वारा किसी गर्भवती महिला को निजी संस्थान में जांच कराने हेतु भेजे जाने की जानकारी मिलती है, तो संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को प्रेषित की जाएगी। इस आदेश के साथ ही स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि अब सभी गर्भवती महिलाओं की नियमित एएनसी जांच, टीकाकरण व प्रसव पूर्व देखभाल सरकारी संस्थानों में ही सुनिश्चित की जाएगी। स्थानीय नागरिकों व स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े कर्मचारियों ने नवभारत की खबर के त्वरित असर और प्रशासनिक कार्रवाई की सराहना की है।

रामनगर में श्रीराम चरित संगीतमय मानस सम्मेलन

नवभारत,बेलखेड़ा (जबलपुर)। प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी राष्ट्रीय राजमार्ग 12 पर लम्हेटा से दक्षिण दिशा में 2 किलोमीटर अंदर बसे रामनगर (टम्पाल) कूड़ा स्थित हनुमान मंदिर के बाजू से मैदान पर तुलसी साथ ऐसी रामचरितमानस सम्मेलन का संगीत में आयोजन चल रहा है। 26 अक्टूबर से प्रारंभ सात दिवसीय इस का यह शानदार 20 वा वर्ष है। कार्यक्रम के संचालन एवं पूजन पाठ की जिम्मेदारी सम्हाल रहे शास्त्री कुंज बिहारी दुबे इमलिया ने बताया कि मानस मर्मज्ञ डॉ गोपाल तिवारी ग्राम निवादा जिला बांदा एवं सुश्री साक्षी देवी रामायणी छिंदवाड़ा द्वारा प्रतिदिन प्रतिदिन दोपहर में 1:30 बजे 6 बजे तक प्रवचन दिए जा रहे हैं। सहयोगी विद्वानों में मुन्ना प्रसाद तिवारी , शिव गोविन्द दुबे द्वारा पूजन कार्य साथ ही तुलसीराम शास्त्री कुशली, राकेश दुबे शास्त्री कुशली द्वारा सहयोगी प्रवचन दिया जा रहा है। मुकेश चौबे घंसौर, नीरज प्रसाद खमदेही द्वारा संगीत प्रस्तुति दी जा रही है। मानस सम्मेलन में संत ओंकार दास त्यागी जी छरौआ त्रिवेणी संगम, संत कमलेश दास निर्मोही नर्मदा आश्रम नवीनचरगवा घाट भी दर्शनों के लिए उपस्थित है। आस पास के मानेगांव, चरगवां, कुशली, खैरी, झुरई, पिपरिया, लम्हेटा, करहैया, कूड़ा, मनकेड़ी, सुनाचर, उमरिया,भरदा, केवलारी सहित अन्य ग्रामों के महिला पुरुष श्रोतागण सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर शहपुरा जनपद उपाध्यक्ष प्रमोद शुक्ला, गोपाल प्रसाद बिल्थरे, मस्त राम पटेल, मनोज शर्मा, गोलू प्रशांत ठाकुर सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम संचालक कुंज बिहारी दुबे ने बताया कि कार्यक्रम के अंतिम दिन देव उतनी ग्यारह है इस दिन कथा दौरान श्री राम राज्य और अभिषेक का आयोजन धूम धाम से होगा ।

श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में जलाएंगे 11 हजार मंगल दीप

नवभारत, जबलपुर। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में 31 अक्टूबर, शुक्रवार को मंगल दीप यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर 11,000 दीप सरयू नदी के तट पर प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। देव उठनी ग्यारस के दिन भक्तों द्वारा अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलन किया जाएगा। आयोजकों ने सभी भक्तों से अपने घर का एक दीप भेजकर इस पुण्य आयोजन में सहयोग करने का अनुरोध किया है। विगत पांच वर्षों से यात्रा में शामिल रामभक्तों में भाजपा नेता एवं समाज सेवी लेखराज सिंह (मुन्ना), पंकज दुबे, भाजपा नेता हिदेश राजपूत, राहुल साहू पार्षद, जितेन्द्र कटारे, नरेश पटैल, शैलेन्द्र विश्वकर्मा, अभय नायक सहित दर्जनों नाम शामिल हैं।

प्राइवेट अस्पतालों व झोलाछाप डॉक्टरों पर हो कार्रवाई

- युवा कांग्रेस ने कलेक्टर को पत्र सौंपकर की मांग

नवभारत, जबलपुर। सरकार की निःशुल्क इलाज योजनाओं के बावजूद मरीजों से वसूली और फर्जी डॉक्टरों की बढ़ती संख्या के विरोध में युवा कांग्रेस ने जिला कलेक्टर राघवेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा। नगर अध्यक्ष विजय रजक के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि शहर के कई प्राइवेट अस्पताल गरीब मरीजों से बिना बिल लाखों रुपये वसूल रहे हैं। वहीं, झोलाछाप डॉक्टर गलत इलाज कर मरीजों की जान से खेल रहे हैं। संगठन ने बताया कि पूर्व में मुख्य चिकित्सा अधिकारी को भी इसकी जानकारी दी जा चुकी है, पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। कलेक्टर ने ज्ञापन प्राप्त कर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान विजय रजक, सिद्धांत जैन, शुभांशु कनोजिया, शुभम रजक, स्वर्णिम जैन, अपूर्व केशरवानी, नीलेश महार, जिशान मंशूरी, सुमित गुप्ता, मोहित सुफेले सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

हाईकोर्ट ने चोरी के प्रकरण में एसपी व थाना प्रभारी रांझी को किया तलब

जबलपुर । हाईकोर्ट ने न्यू शोभापुर तिराहे पर हुई चोरी के प्रकरण में पुलिस अधीक्षक जबलपुर व थाना प्रभारी रांझी को तलब किया है। न्यू शोभापुर तिराहा पर स्थित बाल स्वरूप श्री हनुमान जी के मन्दिर से गत वर्ष चोरी हो गई थी। मामले को लेकर याचिकाकर्ता लता कुशवाहा, किरण तिवारी, सरिता, नारायण यादव, जितेन्द्र बंटी रजक, आशीष शर्मा, एल.एन. रावत ने आरोप लगाया है कि थाना प्रभारी रांझी चोरों को बचाने के लिए मनगढ़ंत कहानी के जरिये अधिनस्थ न्यायालय में गलत जानकारी पेश की थी, साथ ही साथ सी.सी.टी.व्ही. फुटेज छुपाने का प्रयास किया था, जबकि फुटेज माननीय न्यायालय में पंहुच चुकी है, एवं समस्त आरोपी जो कि उक्त चोरी को अन्जाम दिया था इनकी फुटेज भी याचिकाकर्ताओ द्वारा माननीय न्यायालय में पेश की जा चुकी है, जिसे देखने-सुनने के बाद हाईकोर्ट ने आज पुलिस अधीक्षक जबलपुर व थाना प्रभारी रांझी को नोटिस जारी करते हुए जवाब हेतु चार सप्ताह का समय दिया है, मामले की पैरवी अधिवक्ता विद्याशंकर मिश्रा, राघवेन्द्र झा, अनिकेश मिश्रा, नवीन विश्वकर्मा ने की।

निधन

राजकुमारी बाई चौरसिया

नवभारत,जबलपुर। फूटाताल निवासी श्रीमति राजकुमारी बाई चौरसिया का 77 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। वे कैलाश प्रसाद चौरसिया की पत्नी व चौरसिया समाज के अध्यक्ष प्रमोद कुमार चौरसिया, राजभानु की माँ थी। जिनकी अंतिम यात्रा आज सुबह 11 बजे निवास स्थान फूटाताल से रानीताल मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी।

शांति देवी राजपूत

नवभारत, जबलपुर। गंगा नगर गढ़ा निवासी डॉ संतोष सिंह राजपूत की माताजी शांति देवी का शुक्रवार को निधन हो गया। अंतिम संस्कार चौहानी मुक्ति धाम में किया जाएगा।

जे पी ओझा

नवभारत,जबलपुर। दस्सी पंडा की गली नर्मदा नगर गोहलपुर निवासी स्व. राजकुमार, नितिन पांडेय के पिता सरोज ओझा के पिता जे पी ओझा का निधन हो गया है। अंतिम शवयात्रा निवास स्थान से आज 10 बजे गौरीघाट श्मशान के लिए रवाना होगी।

कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति हेतु) नियम 8 (1)

क्योंकि अधोहस्ता. आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लि.) (आईआईएफएल एचएफएल) के सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन आफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत व सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम, 2002 के नियम 3 के सहपठित सेक्शन 13 (12) के तहत शक्तियों के पालन में कंपनी के प्रा. अधिकारी के निम्न देनदारों/सह-देनदारों को उक्त नोटिस प्राप्ति तिथि से 60 दिनों के भीतर नोटिस में कथित राशि चुकाने को कहा था. देनदार राशि नहीं चुका सके, अत: देनदारों व जनता को सामान्यतया नोटिस दी जाती है कि अधोहस्ता. ने उक्त नियमों के नियम 8 के सहपठित उक्त एक्ट की सेक्शन 13 (4) के तहत शक्तियों के पालन में निम्न संपत्ति का कब्जा ले लिया है. देनदारों व जनता को संपत्ति से लेनदेन नहीं करने को आगाह किया जाता है व संपत्ति से कोई भी लेनदेन निम्न राशि व उस पर ब्याज हेतु आईआईएफएल एचएफएल की देनदारी के अधीन होगा. देनदारों का ध्यान एक्ट की सेक्शन 13 की सब स्टेशन (8) के प्रावधानों की ओर आमंत्रित है. यदि देनदार ट्रांसफर या बिक्री हेतु तय तिथि से पहले किसीभी समय लागत, चार्ज व खर्चों सहित 'आईआईएफएल एचएफएल' के बकायों को क्लियर कर देता है तो सिक्योड एसेट को 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा नहीं बेचा जाएगा व सिक्योर्ड एसेट की ट्रांसफर या बिक्री हेतु 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा.

देनदारों / सहदेनदारों का नाम	सिक्योर्ड एसेट अचल संपत्ति विवरण	कुल बकाया.....रु.	डिमांड नोटिस तिथि	कब्जा तिथि
श्री जगदीश गुप्ता श्रीमती सोनी देवी जगदीश गुप्ता ऑटो सर्विस (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10161716)	ग्राउंड एलोर पर बने घर वाली प्रॉपर्टी का पूरा टुकड़ा, जिसका खसरा नंबर 204/1 (भाग), नर्मदा नगर, Nb 601, Ph नंबर 24/2, नया 29/1, चित्रंजनदास वार्ड, मौजा गोहलपुर, तहसील और जिला जबलपुर, मध्य प्रदेश, भारत, 482001 है. एरिया एडमिन .(वर्ग फुट में)- प्रॉपर्टी का प्रकार- ज़मीन का एरिया, कारपेट एरिया, बिल्ट-अप एरिया प्रॉपर्टी एरिया- 365 .00, 584 .00, 730 .00	रु.1419242/- (रु. चौदह लाख उन्नीस हजार दो सौ बयालीस मात्र)	30-06-2025	27/10/2025

विवरण हेतु संपर्क- प्रा. अधिकारी **ब्रांच आफिस:** 225, नेपियर टाउन, दूसरा माला, अपोजिट चन्द्रिका टॉवर्स, शास्त्री ब्रिज रोड, जबलपुर/या **कार्पोरेट ऑफिस**- प्लॉट नं. 98, फेस-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा.

स्थान- जबलपुर, दिनांक- 1-11-2025 — प्रा. अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड

रेपको होम फाइनेंस लिमिटेड

जबलपुर ब्रांच : नंबर 5, लाजपत कुंज, आर आर टॉवर, पहली मंजिल, तैयब अली पेट्रोल पंप के पास, नेपियर टाउन, जबलपुर-482001

कब्जे का नोटिस (अचल संपति के लिए)

चूंकि, मैं, नीचे हस्ताक्षरकर्ता, रेपको होम फाइनेंस लिमिटेड का अधिकृत अधिकारी, सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के तहत और सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स, 2002 के नियम 9 के साथ पढ़े गए सेक्शन 13 (12) के तहत दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए, दिनांक 24.07.2025 को एक डिमांड नोटिस जारी किया था, जिसमें कर्जदार श्री मनोज अहिरवार पुत्र श्री मुन्ना लाल अहिरवार और सह-कर्जदार श्रीमती अनुराधा अहिरवार, पत्नी श्री मनोज अहिरवार से लोन अकाउंट नंबर 25518600002 17 के तहत नोटिस में बताई गई राशि रु. 18,03,462/- और 19.07.2025 से आगे का ब्याज और अन्य खर्चों का भुगतान नोटिस मिलने की तारीख से 60 दिनों के भीतर करने के लिए कहा गया था. कर्जदार और सह-कर्जदार द्वारा राशि का भुगतान करने में विफल रहने पर, इसके द्वारा कर्जदार, सह-कर्जदार और आम जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत और उक्त नियमों के नियम 9 के साथ पढ़ी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए, इस 27 अक्टूबर 2025 को नीचे बताई गई संपत्ति पर कब्जा कर लिया है. कर्जदार, सह-कर्जदार और आम जनता को इसके द्वारा चेतावनी दी जाती है कि वे संपत्ति के साथ कोई लेन-देन न करें और संपत्ति के साथ कोई भी लेन-देन रेपको होम फाइनेंस लिमिटेड, जबलपुर ब्रांच के लोन अकाउंट नंबर 25518600002 17 के तहत रु. 18,76,946/- और 24.10.2025 से आगे के ब्याज और अन्य खर्चों के चार्ज के अधीन होगा. हम सेक्शन की और ध्यान आकर्षित करते हैं सिक्योरिटाइजेशन एवट की धारा 13 (8) के अनुसार, अगर सिक्योर्ड क्रेडिटर का बकाया, साथ ही सिक्योर्ड क्रेडिटर द्वारा किए गए सभी खर्च, शुल्क और लागत, बॉरोअर/को-बॉरोअर द्वारा सिक्योर्ड एसेट की बिक्री या ट्रांसफर के लिए तय तारीख से पहले किसी भी समय चुका दिए जाते हैं, तो सिक्योर्ड एसेट के ट्रांसफर या बिक्री के लिए आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा.

प्रॉपर्टी का विवरण

मौजा पुरवा नंबर 162, पी.एच. नंबर 28/33, न्यू 06, तहसील जबलपुर, जिला जबलपुर, त्रिपुरी वार्ड नंबर 03, शास्त्री नगर, तहसील गोरखपुर, जिला जबलपुर में स्थित जमीन का पूरा टुकड़ा, वर्तमान भूमि राजस्व रिकॉर्ड गांव पुरवा, पटवारी हल्का पुरवा, तहसील गोरखपुर, खसरा नंबर 662/27/खा पर स्थित, नामांकन के बाद खसरा नंबर 662/27/2, प्लॉट एरिया 30×50 = 1500 वर्ग फुट, तहसील गोरखपुर, जिला जबलपुर, आर.आई. सर्कल जबलपुर-1, मौजा पुरवा, त्रिपुरी वार्ड में स्थित है, जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं- उत्तर- नीलम पटेल का प्लॉट, दक्षिण- आशीष कुमार मिश्रा का प्लॉट, पूर्व- आशीष कुमार मिश्रा का प्लॉट, पश्चिम- कॉलोनी साइड रोड.

अधिकृत अधिकारी
रेपको होम फाइनेंस लिमिटेड

तारीख : 27.10.2025

वर्षा से किसानों की फसलों को भारी नुकसान

नवभारत,जबलपुर। जिले में विगत दिनों हुई असमयिक वर्षा और बेमौसम बरसात से किसानों की खरीफ फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। जिन फसलों की कटाई होनी थी या जो कटकर खेतों में रखी थीं, वे बारिश से नष्ट हो गई हैं। वहीं, मटर सहित रबी की बोई गई फसलें भी नुकसान की चपेट में आ गई हैं। किसानों का कहना है प्राकृतिक आपदा के चलते उनकी आजीविका पर संकट खड़ा हो गया है और आगामी रबी सीजन की बोनी भी प्रभावित हो सकती है। भारत कृषक समाज के अध्यक्ष के. के. अग्रवाल ने समस्त किसानों की ओर से कलेक्टर के नाम पत्र लिखकर जिला प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र सर्वे कराकर उन्हें मुआवजा और फसल बीमा का लाभ दिलाया जाए।